आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

09.04.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवकार महामंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया, कहा– आध्यात्मिक प्रार्थना– नवकार महामंत्र केवल एक मंत्र नहीं, बल्कि आस्था का केन्द्र है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा शुरू होने से एक सप्ताह पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- उत्तराखण्ड पुलिस का "ऑपरेशन स्माइल" अब तक का सबसे सफल अभियान, वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 2 हजार 509 गुमशुदा लोगों को किया गया बरामद।
- राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज भराड़ीसैंण में बनाई गई आधुनिक लैब, भराड़ीसैंण क्षेत्र के 336 छात्र–छात्राओं को मिलेगा लाभ।

**नवकार महामंत्र दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आध्यात्मिक प्रार्थना– नवकार महामंत्र केवल एक मंत्र नहीं, बल्कि आस्था का केन्द्र है। आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस महामंत्र का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं है, बल्कि यह जीवन की कुंजी है। उन्होंने कहा कि यह महामंत्र स्व से समाज और जन से जग तक की यात्रा का पथ दर्शाता है। यह प्रार्थना करने वाला 108 दैवी सद्–गुणों के प्रति नतमस्तक होता है, जो लोगों को मानवता का हित स्मरण कराते हैं तथा उस ज्ञान और कर्म की प्रेरणा देते हैं, जो जीवन की आधारशिला हैं। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने 108 से अधिक देशों से आए लोगों के साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पावन मंत्र है। यह दिवस आत्मिक शुद्धता, सहनशीलता और सर्वहित पर मनन करने की प्रेरणा देता है।

**प्रधानमंत्री ऑन वेव्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर बल दिया कि अनेक वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का पहले यह मानना था कि भारत की प्रगति धीमी रहेगी, वे अब तेज गति से विकसित होते निर्भय भारत को देख रहे हैं। प्रधानमंत्री कल रात नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के अयोजन को संबोधित कर रहे थे। अगले महीने मुंबई में होने वाले वैश्विक श्रव्य–दृश्य और मनोरंजन – वेव्स शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन कर रही है।

**चारधाम बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं यात्रा शुरू होने से एक सप्ताह पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर पार्किंग की व्यवस्था ऐसे स्थानों पर की जाएं, जिनके निकट, होटल, धर्मशाला, होमस्टे और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। सचिवालय में मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन की बैठक में कहा कि यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन की चुनौतियों का सामना करने के लिए पुलिस की ओर से बेहतर योजना के साथ कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक जाम की स्थिति वाले स्थानों की रियल टाइम जानकारी सोशल मीडिया पर और अन्य माध्यमों से साझा करने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रा मार्गों पर पार्किंग स्थलों की जानकारी श्रद्धालुओं को गूगल मैप से मिले, इसकी भी व्यवस्था करने को कहा। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत यात्रा मार्ग पर पुलिस सहायता डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। श्री धामी ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि पंजीकरण करने के बाद ही चारधाम यात्रा पर आयें।

**अपर सचिव जायजा**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं ग्राम्य विकास की अपर सचिव अनुराधा पाल ने हरिद्वार जिले के लक्सर विकासखंड के तहत केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर संचालित योजनाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्राथमिक विद्यालय प्रहलादपुर में जन संवाद, जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अपर सचिव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण उन्हीं के द्वार पर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई गई हैं, उनका समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## **ऑपरे□ान स्माइल**

उत्तराखण्ड पुलिस की ओर से चलाए जा रहे "ऑपरेशन स्माइल" मानवीय दृष्टिकोण से अब तक का सबसे सफल और संवेदनशील अभियान बनकर सामने आया है। गत वर्षों की अपेक्षा वर्ष 2024 में दो चरणों में इस अभियान के तहत सबसे अधिक 2 हजार 509 गुमशुदा लोगों को बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया गया। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने पुलिस मुख्यालय में "ऑपरेशन स्माइल" की समीक्षा की। बैठक में बताया गया अभियान का उद्देश्य गुमशुदा बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश कर उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम तथा उन्हें अपराधों में संलिप्त होने से रोकना है। अभियान के तहत प्रदेश के प्रमुख जिलों– देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर और नैनीताल में 4–4 तथा अन्य जिलों और रेलवे में 1–1 टीम गठित कर कुल 26 खोज टीमों का गठन किया गया। टीमों ने गुमशुदा व्यक्तियों के परिजनों से मिलकर जानकारी संकलित कर उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों में जाकर खोजबीन की। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पुलिस टीमों ने अपनी कार्यशैली, प्रतिबद्धता और समर्पण से इस अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु अगले चरण की शीघ्र शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## **कॉलेज कायाकल्प**

चमोली जिले में शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज भराड़ीसैंण का कायाकल्प किया गया है। विद्यालय में सुसज्जित लैब के साथ ही अन्य सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे छात्र–छात्राओं को विद्यालय में बेहरत शिक्षण माहौल मिल रहा है। मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में जिला योजना के माध्यम से विद्यालय के सौंदर्यीकरण व संसाधन विकास के लिए 55 लाख की धनराशि आवंटित की गई थी। इसके माध्यम से विद्यालय में आधुनिक रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और कम्प्यूटर प्रयोगशाला तैयार की गई है। साथ ही कम्प्यूटर प्रयोगशाला में 25 कम्प्यूटर छात्र–छात्राओं के शिक्षण हेतु लगाए गए हैं। पहाड़ी शैली में विद्यालय का प्रवेश द्वार निर्मित कर पैदल मार्ग का सुदृढीकरण किया गया है। इसके साथ ही गणित और विज्ञान जैसे कठिन विषयों को सरलता से समझाने के लिए विज्ञान सम्बंधी चित्रों के साथ ही गणित विषय के सूत्र और टेबल से विद्यालयों को सजाया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सभी विषयों के प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में 336 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत है।

**बैठक पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ जिले में आत्मा योजना के तहत प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें सभी रेखीय विभागों को कृषि उत्पादन को बढाने और किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए वृहद स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने योजना से अभी तक कराए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि धान, गेहूं, मोटा अनाज, दलहन, तिलहन और अन्य फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए मृदा परीक्षण कराते हुए क्षेत्रों को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि चिन्हित क्षेत्रों में सभी छोटे और मझोले किसानों को शामिल करते हुए उन्हें नवीन कृषि तकनीकी की जानकारी व सुविधाएं दी जाएं और क्लस्टर एप्रोच पर पूरे क्षेत्र को किसी फसल विशेष के उत्पादन के लिए तैयार किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विकासखंडवार काश्तकारों से वार्ता करते हुए कृषि, बागवानी, पशुपालन, सुगंधित और एरोमेटिक प्लांट, डेयरी, मत्स्य पालन आदि में विशेष कार्य करने पर जोर दिया।

**जल संस्थान प्रतिबंध**

गर्मी के सीजन को देखते हुए उत्तरकाशी में जल संस्थान ने भवन निर्माण सहित वाहनों की धुलाई और सिंचाई के लिए पेयजल पाइप लाइन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं विभाग की ओर से निर्माणाधीन चार ट्यूबवेल का कार्य चारधाम यात्रा तक पूरा करने का दावा किया गया है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एल.सी रमोला ने चारधाम यात्रा और गर्मी के सीजन देखते हुए विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गर्मी के सीजन में पाइपलाइन पर अगर कोई टुल्लू पंप का प्रयोग करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को देखते हुए 24 घंटे पानी की आपूर्ति के लिए 12 वॉटर एटीएम लगाए गए हैं।